भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 1266

उत्तर देने की तारीख : 21.09.2020

मूक और बधिर बच्चों का कल्याण

1266 श्री सतीश चंद्र दुबे :

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में मूक और बधिर लड़के और लड़कियों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा मूक और बधिर विद्यार्थियों के लिए पहली कक्षा से स्नातक और स्नातकोत्तर या किसी भी व्यवसायिक पाठ्यक्रम में शिक्षा ग्रहण करने को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं और इन विद्यार्थियों के लिए कौन से अन्य कल्याणकारी उपाय किए गए हैं; और

(ख) देश में मूक और बधिर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध विद्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री कृष्णपाल गुर्जर)

(क) से (ग):

1. दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के पास मूक और बधिर छात्रों सहित दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित प्रावधान हैं:

(I) 'दिव्यांगजन छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां' योजना (मूक और बधिर लड़के और लड़कियों सहित), जिसके निम्नलिखित घटक हैः

(i) प्री-मैट्रिक (कक्षा IX एवं X के लिए);

(ii) पोस्ट-मैट्रिक (कक्षा XI से स्नातकोत्तर डिग्री / डिप्लोमा के लिए);

(iii) उच्च श्रेणी शिक्षा (शिक्षा में उत्कृष्टता के अधिसूचित संस्थानों में स्नातक डिग्री/ स्नातकोत्तर डिग्री/ डिप्लोमा के लिए);

(iv) दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप (भारतीय विश्वविद्यालयों में एम.फिल/ पीएच.डी के लिए) ;

(v) राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति (विदेशी विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर डिग्री / डॉक्टरेट के लिए);

(vi) निःशुल्क कोचिंग (समूह क एवं ख पदों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं के लिए)

(II) भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) ने भारतीय सांकेतिक भाषा के शिक्षक बनने के लिए बधिर दिव्यांगजनों को प्रशिक्षित करने के लिए 'डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन साइन लैंग्वेज (डीटीआईएसएल)' पाठ्यक्रम तैयार किया है। आईएसएलआरटीसी वर्तमान में वर्ष 2019-21 सत्र के लिए 20 छात्रों के साथ डीटीआईएसएल का एक बैच आयोजित कर रहा है और डीटीआईएसएल के प्रत्येक छात्र को 5,000 रुपये प्रति माह का स्टाइपेंड भी प्रदान करता है।

आईएसएलआरटीसी ने 6000 शब्दावली युक्त आईएसएल शब्दकोश तैयार किया है। आईएसएल में स्कूल पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों से चुनी गई शैक्षणिक शब्दावलियों को स्पष्ट किया गया है। अतः बधिर दिव्यांगजनों के लिए आईएसएल शब्दकोश एक महत्वपूर्ण सुगम्य शैक्षणिक संसाधन के रूप में कार्य करता है।

आईएसएल इंटरप्रेटर बनने के लिए बधिर लोगों को प्रशिक्षित करने हेतु आईएसएलआरटीसी डिप्लोमा इन इंडियन साइन लेंग्वेज इंटरप्रेटर (डीआईएसएलआई) में एक पाठ्यक्रम डिप्लोमा आयोजित करता है। कक्षाओं में आईएसएल इंटरप्रेटर्स का प्रावधान, बधिर दिव्यांग छात्रों को शिक्षण-कक्ष तक पहुंच स्थापित करने और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में भाग लेने में सक्षम बनाएगा, इस प्रकार छात्रों को अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

(III) दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना, नामक एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना लागू की गई है, जिसमें मूक और बधिर छात्रों सहित दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को प्री-स्कूल और शीघ्र उपाय, विशेष स्कूल, समुदाय आधारित पुनर्वास आदि जैसी परियोजनाएं चलाने के लिए सहायता-अनुदान प्रदान किया जाता है, जिसका उद्देश्य उन्हें अपने इष्टतम शारीरिक, संवेदी, बौद्धिक, मनोरोग या सामाजिक कार्यात्मक स्तरों को बनाए रखने में सक्षम बनाना है। डीडीआरएस के तहत मूक और बधिर लड़के और लड़कियों के लिए विशेष स्कूलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुबंध** पर संलग्न है।

(IV) सहायक यंत्रों/सहायक उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को सहायता योजना (एडिप योजना) के तहत विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों अर्थात कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम (एलिम्को)/राष्ट्रीय संस्थान/समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी)/जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र/भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी/गैर-सरकारी संगठन आदि को देश भर में मूक और बधिर लड़के और लड़कियों सहित पात्र दिव्यांगजनों की सहायता करने के लिए ऐसे टिकाऊ, परिष्कृत और वैज्ञानिक रूप से निर्मित, आधुनिक, मानक सहायक यंत्रों और सहायक उपकरणों की खरीद के लिए निधियां जारी की जाती हैं जो उनकी दिव्यांगताओं के प्रभाव को कम करते हुए उनके शारीरिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को बढ़ावा दे सके और उनकी आर्थिक क्षमता को बढ़ा सके।

सहायक यंत्रों/सहायक उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को सहायता योजना (एडिप योजना) में प्रति वर्ष 500 बच्चों को कॉकलियर इंप्लांट प्रदान करने का प्रावधान है, जिसमें 6.00 लाख रुपये प्रति यूनिट की अधिकतम सीमा सरकार द्वारा वहन की जाएगी। लाभार्थियों के लिए आय की अधिकतम सीमा अन्य सहायक यंत्रों/सहायक उपकरणों के समान होगी । अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् और श्रवण दिव्यांगजन संस्थान (एवाईजेएनआईएसएचडी), मुंबई, कॉकलियर इंप्लांट सर्जरी के लिए नोडल एजेंसी है । संस्थान समाचार पत्रों (अखिल भारतीय संस्करण) में विज्ञापन जारी करके और

अपनी वेबसाइट www.ayjnihh.nic.in के माध्यम से भी आवेदन आमंत्रित करता है। भारतीय कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर द्वारा कॉकलियर इंप्लांट खरीदे जाते हैं और नामित अस्पतालों में प्रदान किए जाते हैं। कॉकलियर इंप्लांट सर्जरी कराने के लिए मंत्रालय ने सरकारी और निजी अस्पतालों के पैनल को मंजूरी दी है।

2. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत, भारत सरकार वर्ष 2013 से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) लागू कर रही है, जो 4डी अर्थात् दोष (डिफेक्ट्स), कमियों(डेफिशियन्सी), 30 चयनित स्वास्थ्य स्थितियों के लिए दिव्यांगता (डिसेबिलिटी) सहित विकास में विलंब(डेवेल्पमेंट डिलेज़) के लिए 0-18 वर्ष की आयु के बच्चों की जांच (स्क्रीनिंग) के लिए है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चयनित स्वास्थ्य परिस्थितियों के अधीन बच्चों में बधिरता स्वास्थ्य की स्थितियों में से एक है।

3. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के समग्र विकास के लिए एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को शेयरिंग पैटर्न के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना अर्थात् "बाल संरक्षण सेवा" (सीपीएस) (पूर्व एकीकृत बाल संरक्षण योजना) को लागू कर रहा है। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कठिन परिस्थितियों वाले बच्चों का स्थिति परक विश्लेषण करना शामिल है। योजना के कार्यान्वयन की मुख्य जिम्मेदारी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की है। अतिरिक्त वित्तीय सहायता उस बाल देखभाल संस्थान को दी जाती है जिसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चें होते है अर्थात वे बच्चे जो या तो मादक द्रव्यों के सेवन से प्रभावित होते हैं या जो मानसिक या शारीरिक रूप से दिव्यांग होते हैं। यह योजना विशेष उपकरणों और सामग्री जैसे मनोवैज्ञानिक परीक्षण सामग्रियों, स्पीच और भाषा के लिए प्रशिक्षण सामग्रियों, शिक्षण सामग्रियों व्हील चेयर, क्रचिज, आदि की खरीद के लिए व्यवस्था करती है।

मंत्रालय ने सूचित किया है कि किशोर न्याय (देखभाल और बाल संरक्षण) अधिनियम, 2015 (जेजे एक्ट) की धारा 2 (14)(iv) के अनुसार एक बच्चा जो मानसिक रूप से बीमार है या मानसिक रूप से या शारीरिक रूप से दिव्यांग है या टर्मिनल (अवसान) अथवा लाइलाज बीमारी से ग्रस्त है, जिसकी सहायता करने या देखभाल करने वाला या माता-पिता या अभिभावक कोई नहीं है, अगर वह किशोर न्याय बोर्ड या बाल कल्याण समिति को मिलता है, तो उसे "देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चे" (सीएनसीपी) के रूप में भी शामिल किया जाता है। अधिनियम के निष्पादन की मूल जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की है।

4. स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय ने स्कूल शिक्षा क्षेत्र के लिए - समग्र शिक्षा योजना नामक एक अति महत्वपूर्ण सर्वसमावेशी कार्यक्रम शुरू किया है । इसमें देश भर में प्राथमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर बधिर और मूक लड़कों और लड़कियों सहित विशेष जरूरतों वाले बच्चों को शामिल किया जाता है। यह योजना नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रावधान द्वारा विनियमित और शासित है।

समग्र शिक्षा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के लिए समावेशी शिक्षा के लिए एक समर्पित घटक (सीडब्ल्यूएसएन) है, जिसके माध्यम से सीडब्ल्यूएसएन की शिक्षा आवश्यकताओं के लिए विभिन्न प्रावधान उपलब्ध कराए जाते हैं जैसे कि, पहचान और मूल्यांकन

शिविर, सहायक यंत्रों, सहायक उपकरणों के प्रावधान, शिक्षण अधिगम सामग्रियों (टीएलएम) के साथ-साथ परिवहन, एस्कॉर्ट और लेखक (स्क्राइब) भत्ते आदि को भी स्कूल/ ब्लॉक स्तर पर संसाधन केंद्रों में शामिल किया जाता हैं।

समग्र शिक्षा में विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें अपनी क्षमताओं/ दिव्यांगताओं पर ध्यान दिए बिना बच्चे भाग लेते हैं और एक ही कक्षा में एक साथ सीखते हैं, इस प्रकार सभी छात्रों के लिए एक सक्षम शैक्षिक वातावरण का निर्माण किया जाता है। यूडीआईएसई + 2018-19 (अनंतिम) के अनुसार, मूक और बधिर विद्यार्थियों सहित सभी छात्रों के लिए देश भर में 11,68,291 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हैं।

*****

"मूक और बधिर बच्चों का कल्याण" के संबंध में दिनांक 21.09.2020 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 1266 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

डीडीआरएस के अंतर्गत मूक एवं बधिर बच्चों के लिए विशेष स्कूलों के राज्य/ संघ राज्य वार ब्यौरे

क्र.सं.	राज्य का नाम	संगठन का नाम	पूरा पता
1	आंध्र प्रदेश	नेहरू युवाजन सेवा संघम	पिचतुर, चित्तूर जिला, आंध्र प्रदेश
2	आंध्र प्रदेश	हेलेन केलर स्कूल फॉर दी डेफ	10/72, सिवलिंगम बीडी फैक्टरी, बल्लारी रोड, कुड्डापाह-516001, आंध्र प्रदेश
3	आंध्र प्रदेश	महर्षि संबामूर्ति इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट स्टडीज	द्वार सं.- 15-7 बी-2, रोटरी ब्लड के सामने बैंक वेंकटरात्ना, पुराम, काकीनाडा-1
4	आंध्र प्रदेश	सेंटर फॉर डिसेबिलिटी चिल्डर्न	वल्लप्पा चेरुवु रोड, नरसाराओ पेट, गुंटूर जिला-आंध्र प्रदेश 522601
5	आंध्र प्रदेश	लीमा डेफ एंड मेंटली हैडिकैप्ड वैलफेयर एसोसिएशन	2/1, कन्नवारिथोटा, गुंटूर-522002, आंध्र प्रदेश
6	आंध्र प्रदेश	सरोजिनी देवी मेमोरियल सोसाइटी	पोस्ट, करुणमान्ची, एम. सवाल्यापुरम, जिला गुंटूर, आंध्र प्रदेश
7	आंध्र प्रदेश	अन्नाम्मा स्कूल फॉर दी हियरिंग एंड फिजिकली हैंडिकेप्ड एंड बेबी केयर सेंटर	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नजदीक, पुलिस क्वार्टर्स के सामने, इब्राहिमपट्टनम-5211456
8	आंध्र प्रदेश	इमैकुलेट हार्ट ऑफ मैरी सोसाइटी	कीसरा, गांडीपल्ली पोस्ट, कृष्णा जिला, आंध्र प्रदेश-521185
9	आंध्र प्रदेश	वानी एजुकेशनल अकाडमी	मकान नं .6-583, ककानी नगर, जग्गैयापेट-521175, कृष्णा जिला, आंध्र प्रदेश
10	आंध्र प्रदेश	क्रांति एजुकेशन सोसाइटी	विजय नगर कॉलोनी, वेलगोडु (पी), करनूल, आंध्र प्रदेश
11	आंध्र प्रदेश	वोलेंट्री आर्गनाइजेशन ऑफ रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी	पेड्डा कोहला बीपीओ, नंदियाल -518502, आंध्र प्रदेश
12	आंध्र प्रदेश	प्रगति चैरिटीज	प्लॉट संख्या 62, वुड कॉप्लेक्स, रेलवे गेट के पास, अयप्पास्वामी मंदिर के सामने, नेल्लोर -524004, आंध्र प्रदेश
13	आंध्र प्रदेश	स्पूर्ति वैलफेयर सोसाइटी	मारुति नगर, द्वितीय लेन, कुरनूल रोड, आंगोल -523002
14	आंध्र प्रदेश	चैतन्य महिला मंडली	भारत नर्सिंग होम के पास, अद्दनकी-523201, आंध्र प्रदेश
15	आंध्र प्रदेश	एस.के.आर. प्युपल्स वैलफेयर सोसाइटी	चिमाकुर्ति अद्दनकी (प्रकाश जिला गांव और मंडल) आंध्र प्रदेश
16	आंध्र प्रदेश	पावनी इंस्टीट्यूट फॉर मल्टिपल हैडिकैप्ड एंड स्पेस्टिक्स	49-34-25, आबिदनगर, अक्कय्यापलेम, विशाखापट्टनम-530016, आंध्र प्रदेश
17	आंध्र प्रदेश	प्रियदर्शिनी सर्विस आर्गनाइजेशन	39-27-44 / 7, माधवधारा, वुडा लेआउट, विशाखापट्टनम -530018, आंध्र प्रदेश

18	आंध्र प्रदेश	चैतन्य इंस्टीट्यूट फॉर दी लर्निंग डिसेबिल्ड	अंजनेयपेटा, कोथावलसा- 535183, विजयनगरम जिला, आंध्र प्रदेश
19	आंध्र प्रदेश	सोसाइटी फॉर एजुकेशन ऑफ द डेफ एंड ब्लाइंड	2-2-20, पेरलावारी स्ट्रीट, विजयनगरम -535001, आंध्र प्रदेश
20	आंध्र प्रदेश	परिवर्तन	द्वितीय लेन, सानिवारपुपेटा, डोंडापडु, एलुरु - 534003, पश्चिम गोदावरी, आंध्र प्रदेश
21	असम	नार्थ ईस्ट वालंट्री एसोसिएशन ऑफ रूरल डेवलपमेंट (एनईवीएआरडी)	लाइफ लाइन क्लिनिकल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, दखिनगांव, काहिलीपारा, गुवाहाटी -78101 9
22	असम	कचजुली,फिजिकली हैंडीकेप्ड स्कूल एंड ट्रेनिंग सेंटर	गांव- कचजुली, पोस्ट- -तुनीजन, जिला लकीमपुर, असम
23	बिहार	बाबा बैद्यनाथ बालिका मूक बधिर विद्यालय	एच.ओ. घोसीटोला, मुंगेर -811201, बिहार
24	बिहार	शुभम	अग्रवाल भवन, जवाहर लाल रोड, मुजफ्फरपुर - 842001, बिहार
25	बिहार	बाबा गरीब नाथ विकलांग सहजन सेवा संस्थान	कलम बाग चौक महाबीर मंदिर, मुजफ्फरपुर
26	छत्तीसगढ़	लयन्स चैरिटेबल ट्रस्ट	62, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई, छत्तीसगढ़
27	छत्तीसगढ़	नि:शक्त जन कल्याण सेवा समिति	पोस्ट पामगढ़, जिला जंजगीर, चंपा, छत्तीसगढ़
28	छत्तीसगढ़	ज्ञानोदय एसोसिएशन	सेंट्रल अस्पताल के पास सामने) (बंगाली क्लब के, बिश्रामपुर -497226, जिला सर्गजा, छत्तीसगढ़
29	दिल्ली	चंद्रभूषण सिंह मेमोरियल महिला, बाल एवं श्रवण विकलांग शिक्षा एवं पुनर्वास संस्थान	एम -124, राम कृष्ण विहार, प्लाट नं-29, आई.पी. एक्शटेंशन, पडपडगंज, दिल्ली -110092
30	गुजरात	अक्षर ट्रस्ट	11वां तल, कीर्ति टॉवर, कीर्ति मंदिर तिलक रोड से आगे, वडोदरा -390001, गुजरात
31	हरियाणा	रोटरी वैलफैयर सोसाइटी फॉर दी डेफ	राम बाग रोड, अंबाला कैंट, हरियाणा
32	हरियाणा	ऐजुकेशन कम वोकेशनल एसोसिएशन फॉर दी डिसेबिल्ड	100 फीट रोड, श्याम कॉलोनी, बल्लभढ़ -121004, फरीदाबाद, हरियाणा
33	हरियाणा	एसोसिएशन फॉर दी वेलफेयर ऑफ हैंडिकेप्ड	प्लॉट नं. 4, एफसीआई के पीछे, गोडाउन नेर जैन मंदिर के पास, दाबुत रोड, एनआईटी , फरिदाबाद-121001, हरियाणा
34	हरियाणा	सूर्योदय एजुकेशन सोसायटी	सी/ओ, समर्पित स्कूल, जसवंत नगर, कुतुबपुर, रेवाडी, 123401, हरियाणा
35	मध्य प्रदेश	फेमस महिला कल्याण समिति	जुसूम्बाई जैन महाविद्यालय के पीछे, झांसी रोड, नयापुरा, भिंड, मध्य प्रदेश
36	मध्य प्रदेश	मूक बधिर संस्थान (डेफ डंब एसोसिएशन)	योजना संख्या 71-बी, रणजीत हनुमान के पीछे, इंदौर-9, मध्य प्रदेश
37	महाराष्ट्र	अहिल्यादेवी होलकर शिक्षण प्रसारक मंडल	यू.एनटी.पशेल, 'रिकाक्षल निवास', नई अबादी, उदगीर-413517, जिला लातुर, महाराष्ट्र

38	महाराष्ट्र	समाज प्रबोधन शिक्षण मंडल शकनूर	मुखेड तहसील, जिला नांदेड़, महाराष्ट्र
39	महाराष्ट्र	मनुदेवी शिक्षण प्रसारक मंडल	देवचंद नगर, प्लॉट संख्या 23, यमुना कुंज, सोनाबाई नगर के पास, नंदरबार-425412, महाराष्ट्र
40	महाराष्ट्र	श्री जगदंबा विद्या प्रसारक मंडल	आनंद नगर, पुराना जिला, परभानी-431511, महाराष्ट्र
41	महाराष्ट्र	विदर्भ अपंग विकास संस्था	करंजा (लाड) जिला,(एमएस) --वाशिम444,105, महाराष्ट्र
42	मणिपुर	सोशल ह्यूमेन एक्शन फॉर रूरल इंपावरमेंट	न्यू माता, चुराचंदपुर, मणिपुर -7 9 5128
43	मणिपुर	इंस्टीट्यूट ऑफ सोसल डेवलपमेंट फॉर वीकर सेक्शन्स	वेहेनम्बन लेकाई खोंग्नांग हवोगीबी, नई कैचर रोड, डाकखाना इंफाल-795001, मणिपुर
44	मिजोरम	स्पास्टिक सोसाइटी ऑफ मिजोरम	पोस्ट बॉक्स संख्या 169, आइजोल, डाकघर, आइजोल, मिजोरम -796001
45	ओडिशा	महाबीर ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट	एटी/पीओ, चरम्पा, जिला, भद्रक, ओडिशा
46	ओडिशा	विजया	प्लॉट संख्या 417, शहीदनगर, भुवनेश्वर जिला खुर्दा, उड़ीसा
47	ओडिशा	शिशु शाखा संघ	एटी/बरासाही, पी.ओ.- पुबुसाही, जिला खुर्दा, ओडिशा
48	ओडिशा	एसोसिएशन फॉर सोशल वर्क एंड सोशल रिसर्च इन ओडिशा	एटी-सेवा विहार, पी.ओ. -पुटुपली, जिला बोउथ, ओडिशा-762014
49	ओडिशा	महाराजा कृष्णा चंद्र गजपति स्कूल फॉर द ब्लाइंड एंड डेफ	एटी/पीओ, मोहन, जिला, गजपति-761015, ओडिशा
50	ओडिशा	कबि नरसिंह मठ ब्लाइंड एंड डेफ स्कूल, बकिलिखाना	एटी. बकिलिखाना, पी.ओ., डेंगापदर, वाया :भुरूपडा, जिला गंजम, ओडिशा
51	ओडिशा	उत्कल कल्याण सेवा संघ	एटी ब्रंदामल, पी.ओ.-बाडमल, जिला, झारसुगुडा - 768202
52	ओडिशा	वोलेंट्री आर्गेनाइजेशन फॉर रूरल इंपावरमेंट	एटी/पी.ओ. तेलकोई, जिला, क्योझार, ओडिशा
53	ओडिशा	शहीद युवा संघ	त्रुतिपारा, पी.ओ.- बोलगढ़, जिला खुर्दा, ओडिशा-752066
54	ओडिशा	एसोसिएशन फॉर वोकशनल एक्शन (एवीए)	एट-दांपुर, पी.ओ.-बेर्बोई, पीएस डेलंग :, जिला - पुरी, ओडिशा-752016
55	ओडिशा	निलाचल सेवा प्रतिष्ठान	दयाविहार (कानस) जिला पुरी, ओडिशा-752017
56	ओडिशा	सरस्वती चैरिटेबल फाउंडेशन	गाडा बेंगार (ऑफ मरीन ड्राइव) जिला पुरी ओडिशा
57	पुडुचेरी	श्री पच्चेयप्पन सोसाइटी फॉर एजुकेशन, रिसर्च एंड रिहैबिलिटेशन ऑफ हियरिंग इम्पैर्ड	नं. 1, प्रथम क्रॉस, दुथम्बी गार्डन, रेड्डीयारपालयाम, पुडुचेरी-605010
58	पंजाब	रेडक्रॉस स्कूल फॉर दी डेफ	सी/ओ प्रयास स्पेशल स्कूल, जीटी रोड, मक्सुदन, जालंधर, पंजाब

59	पंजाब	रेडक्रॉस स्कूल फॉर दी डेफ	सी/ओ प्रेयस स्पेशल स्कूल, जीटी रोड, मक्सुदन, जालंधर, पंजाब
60	पंजाब	सोसाइटी फॉर वेलफेयर ऑफ दी हैडिकैप्ड	किशन सिंह काम्बोज हॉस्टल, सी/ओ अमर आश्रम लोअर मॉल पटियाला
61	राजस्थान	बाधित बाल कल्याण विकास समिति	चतुर क्लिनिक, एम.जी. अस्पताल रोड, भीलवाड़ा-311001, राजस्थान
62	राजस्थान	बधिर बाल विकास केंद्र	132, स्टेशन रोड, कोटा -324002, राजस्थान
63	राजस्थान	एलकेसी श्री जगदंबा अंध विद्यालय समिति	हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर -335001, राजस्थान
64	तमिलनाडु	दी स्कूल फॉर यंग डेफ चिल्ड्रेन (बाल विद्यालय)	14, प्रथम क्रॉस स्ट्रीट, शास्त्री नगर, चेन्नई -600020, तमिलनाडु
65	तमिलनाडु	अरीवालयम	कैलासपुरम, तिरुचिरापल्ली -620014, तमिलनाडु
66	तमिलनाडु	फ्लोरेंस स्वैन्सन हायर सेकेंडरी स्कूल फॉर दी डेफ	पालयकोटई, जिला तिरुनेलवेली, तमिलनाडु
67	तमिलनाडू	लाइफ एड सेंटर फॉर दी डिसेबिल्ड	संख्या 34, पूनामल्ली हाई रोड, मनावाला नगर, तिरुवल्लूर तालुक और जिला, पिन-602002, तमिलनाडु
68	तमिलनाडु	वेला इंस्टीट्यूशन फॉर सोशल एक्शन एंड डेवलपमेंट	वी.के.एस. पांडियन नगर, त्रिची मेन रोड, वालुथारेड्डी, विल्लुपुरम -605602, तमिलनाडु
69	तेलंगाना	आश्रय अकृति	मकान सं .8-3-1027 / ए2 और ए3, इंडियन बैंक, श्रीनगर कॉलोनी, हैदराबाद
70	तेलंगाना	आश्रय अकृति	मकान सं .8-3-1027 / ए2 और ए3, इंडियन बैंक, श्रीनगर कॉलोनी, हैदराबाद
71	तेलंगाना	स्वीकार अकादमी ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंसेज	उपकार कॉम्प्लेक्स उपकार जंक्शन सिकंदराबाद
72	तेलंगाना	ग्रेसी आर्गेनाइजेशन फॉर डवलपमेंट सर्विस	1-51 / 34, बैंक कॉलोनी, बोर्गाम (पी), निज़ामाबाद - 503230, तेलंगाना
73	तेलंगाना	दुर्गाबाई देशमुख वोकेशनल ट्रेनिंग एंड रिहेबिलिटेशन सेंटर (आंध्र महिला सभा), हैदराबाद	उस्मानिया यूनिवर्सिटी रोड, विद्या नगर, हैदराबाद - 500044, तेलंगाना
74	तेलंगाना	हेलेन केलर्स स्कूल फॉर डेफ एंड मेंटली रिटायर्ड चिल्ड्रन	बैंक कॉलोनी, रामकृष्णपुरम, सिकंदराबाद -500056, आंध्र प्रदेश
75	त्रिपुरा	नार्थ त्रिपुरा डेफ एंड डंब स्कूल	डाकखाना कैलाशहर, उत्तरी त्रिपुरा
76	उत्तर प्रदेश	प्राग नारायण मूक बधिर विद्यालय समिति	सस्नी गेट, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
77	उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय	4/7, मालवीय रोड, जॉर्ज टाउन, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश
78	उत्तर प्रदेश	बाधित बाल विकास समिति	गांव एवं डाकखाना अंबारी, जिला आजमगढ़, उत्तर प्रदेश
79	उत्तर प्रदेश	श्री कृष्ण आदर्श विद्या मंदिर	88, कृष्णा भवन, खंबापुर, पोस्ट + जिला, फतेपुर, उत्तर प्रदेश
80	उत्तर प्रदेश	पवहारी स्मृति परिषद	स्टेशन रोड, गाज़ीपुर -233001, उत्तर प्रदेश

81	उत्तर प्रदेश	समर्पण संस्थान	मोह शास्त्री नगर कॉलोनी, तहसील के पीछे, गाज़ीपुर शहर, जिला गाज़ीपुर, उत्तर प्रदेश -233001
82	उत्तर प्रदेश	आदर्श मूक बधिर विद्यालय	नसीरुद्दीन हॉल के पास, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश।
83	उत्तर प्रदेश	चेतना	सेक्टर सी-, अलीगंज, लखनऊ -226024, उत्तर प्रदेश
84	उत्तर प्रदेश	सेंट फ्रांसिस स्कूल फॉर हेयरिंग इम्पायर्ड	सेंट मार्क चर्च कैंपस, मिसरी बैग, मल्लाही टोला, चौक डाकखाना, ठाकुरगंज, लखनऊ -226003, उत्तर प्रदेश
85	उत्तर प्रदेश	डेफ एंड डंब स्कूल	रेस कोर्स रोड, मेरठ कैंट, उत्तर प्रदेश
86	उत्तर प्रदेश	फ्रेंडस ऑफ हैंडिकैप्ड इंडिया	245/6, थापर नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश
87	उत्तर प्रदेश	सर्वहारा उत्थान समिति	आर्य कन्या स्कूल के सामने, स्वामी दयानंद मार्ग, वासिलगंज, मिर्जापुर
88	उत्तर प्रदेश	सरस्वती एजुकेशनल सोसाइटी	हर्थला सोनाकपुर जिला, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश
89	उत्तर प्रदेश	जोन्सन अकादमिक संस्थान	437, सिविल लाइंस, उन्नाव जिला, उत्तर प्रदेश
90	उत्तर प्रदेश	दी सोसाइटी ऑफ क्राइस्ट ज्योति	कोइराजपुर डाकखाना, हरहुआ, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
91	पश्चिम बंगाल	डॉ. सेलेंद्र नाथ मुखर्जी मूक बधिर विद्यालय	डाकखाना जोरथन, जिला बर्धवान, पश्चिम बंगाल
92	पश्चिम बंगाल	नार्थ बंगाल हैंडिकैप्ड रिहेलिबिटेशन सोसाइटी	निवेदिता मार्केट, हॉस्पिटल रोड, सिलीगुड़ी - 734401, पश्चिम बंगाल
93	पश्चिम बंगाल	आनंद भवन	गांव जगतपुर, डाकखाना ब्रिंधाबानपुर, जिला हावड़ा - 711316, पश्चिम बंगाल
94	पश्चिम बंगाल	जलपाईगुड़ी वेलफेयर आर्गेनाइजेशन	क्लब रोड, (पी.डी कॉलेज के सामने), डाकखाना एवं जिला जालपाइगुड़ी, पिन -733101, पश्चिम बंगाल
95	पश्चिम बंगाल	पेरेंटस ओन क्लिनिक फॉर डेफ चिल्ड्रन	16 ए, डी.एल दास.स्ट्रीट, कोलकाता-700006, पश्चिम बंगाल
96	पश्चिम बंगाल	डम डम दीप डेफ एंड डम स्कूल क्रेचे	19 एच/1, डम डम रोड डाकखाना, घुघुदंगा, पीएस चिटप्योर कोसिपुर क्लब बस स्टॉप के सामने
97	पश्चिम बंगाल	मोयोना रामकृष्णन एसोसिएशन	गांव+डाकखाना- परमानंदपुर, ब्लॉक पीएस+जिला, पुर्व मिदनापुर, पश्चिम बंगाल
98	पश्चिम बंगाल	निमतौरी तामलुक उन्नयन समिति	डाकखाना कुलबेरिया, तामलुक, जिला, पूर्व मेदिनीपुर- 721648
99	पश्चिम बंगाल	सेवायतन कल्याण केंद्र	डाकखाना सेवायतन, पी.एस झारग्राम., जिला मिदनापुर, पश्चिम बंगाल

*****